<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

<u>राज्यपाल ने कार्य परिषद के चुनाव में मतदान से अपने को तटस्थ रखने का निर्णय लिया</u>

लखनऊः 10 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ, श्री राम नाईक ने चिकित्सा विश्वविद्यालय की नियमित कार्यपरिषद के गठन हेतु आज सम्पन्न हो रहे मतदान से अपने को तटस्थ रखने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की नियमित कार्य परिषद के गठन हेतु चिकित्सा विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 24(1) के प्राविधानों के अनुसार विश्वविद्यालय की सभा से चार सदस्यों के निर्वाचन हेतु आज मतदान होना था।

राज्यपाल का मानना है कि कार्यपरिषद के चुनाव में मतदान करने के लिये वे अधिकृत हैं लेकिन चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति होने के कारण कार्य परिषद के गठन हेतु उनके मतदान से निष्पक्षता प्रभावित न हो इसलिये मतदान प्रक्रिया में भाग लेना उचित नहीं है।